हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालय: 17, जमशेदजी टाटा मार्ग, मुंबई-400020
सीआईएन सं. L23201MH1952GOI008858

विभिन्न विभागों में टेकनीशियन और क्राफ्ट्समैन की भर्ती (परिचालन, बॉयलर, रख-रखाव व प्रयोगशाला)

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) एक नवरत्न व ग्लोबल फॉर्च्यून 500 कंपनी है, जिसे वित्त वर्ष 2013-14 के दौरान ₹ 232188 करोड़ सकल वार्षिक विक्रय और करोपरांत ₹ 1734 करोड़ के लाभ के साथ 284 वीं वरीयता मिली है और जो बाजार में लगभग 21% की हिस्सेदारी और देश में सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई श्रेणी में 18% की परिशोधन क्षमता के साथ भारत में परिशोधन और विपणन के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है. लगातार दूसरे साल, 1.034 के एमओयू प्राप्तांक, जो कि प्राकृतिक गैस एवं पेट्रोलियम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सभी सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में सर्वाधिक प्राप्तांक है, के साथ भारत सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करने की दृष्टि से कार्पोरेशन का 2012-13 का प्रदर्शन 'उत्कृष्ट' रेटिंग के लिए पात्र पाया गया.

2013-14 के दौरान 4.1% की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज करते हुए उत्पादों की कुल बिक्री 31.1 एमएमटी थी. घरेलू बिक्री 30.3 एमएमटी, पाइपलाइन प्रवाह क्षमता 15.7 एमएमटी थी और रिफाइनरियों ने 15.1 एमएमटी कच्चे तेल को परिष्कृत किया. 2013-14 के दौरान एचपीसीएल वर्ष में 484 टीएमटी ल्यूब्रिकेंट बिक्री के साथ भारत का सबसे बड़ा ल्यूब्रिकेंट विक्रेता बन गया.

एचपीसीएल मुंबई और विशाखापत्तनम में रिफाइनरियों और मुंबई में ल्यूब ऑयल बेस स्टॉक्स के उत्पादन के लिए 450 टीएमटीपीए क्षमता वाली देश की सबसे बड़ी ल्यूब रिफाइनरी का स्वामित्व एवं संचालन करता है.

एचपीसीएल भारत में पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए 2,500 किमी से भी अधिक लंबे पाइपलाइन नेटवर्क और 35 टर्मिनलों, 68 इनलैंड रिले डिपो, 35 उड्डयन सेवा स्टेशनों, 46 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्रों, 7 ल्यूब ब्लेंडिंग संयंत्रों और 22 विशेष ल्यूब डिपो की सुविधा से युक्त बड़े शहरों में 13 अंचल कार्यालयों व 101 क्षेत्रीय कार्यालयों वाला वृहत मार्केटिंग नेटवर्क के साथ प्रोडक्ट पाइपलाइनों में दूसरी सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखता है.

अन्वेषण और उत्पादन, परिशोधन और विपणन के हाइड्रोकार्बन्स सेक्टर में पूर्णत: एकीकृत कंपनी बनने के अपने अभियान की दिशा में, उत्पादकता, गुणवत्ता और लाभप्रदता पर ध्यान केंद्रित करते हुए एचपीसीएल अपनी रिफाइनरियों (मुंबई और विशाखापत्तनम) और विपणन स्थलों (मुंबई और कोलकाता टर्मिनल) में विभिन्न पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है.

क्र.	पद का नाम	योग्यता	विशाखापत्तनम रिफाइनरी							मुंबई रिफाइनरी							कुल
			वर्तमान पद				पिछला शेष पद			वर्तमान पद				पिछला शेष पद			
			अनारक्षित	अजा	अजजा	अपिव	अजा	अजजा	अपिव	अनारक्षित	अजा	अजजा	अपिव	अजा	अजजा	अपिव	
1	टेकनीशियन-परिचालन	60% अंकों के साथ केमिकल इंजीनियरिंग (अथवा) में डिप्लोमा, रसायन प्रमुख विषय के साथ 60% अंकों सहित बी.एससी. (गणित, भौतिकी, रसायन). अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 50% अंक.	23	8	9	0	0	9	0	4	1	1	2	6	5	5	47
2	टेकनीशियन-बॉयलर	60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 50% अंक. प्रथम श्रेणी बॉयलर कंपटेंसी प्रमाणपत्र वांछनीय															26
3	टेकनीशियन-इलेक्ट्रिकल	60% अंकों के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 50% अंक.	9	0	1	0	0	1	0	0	0	0	0	1	1	5	6
4	टेकनीशियन-इंस्ट्रुमेंटेशन	60%. अंकों के साथ इंस्ट्रुमेंटेशन, इंस्ट्रुमेंटेशन और कंट्रोल, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रुमेंटेशन, इंस्ट्रुमेंटेशन और इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्यूनिकेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 50% अंक.															3
5	टेकनीशियन-मैकेनिकल	60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा. अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 50% अंक.															9
6	क्राफ्ट्समैन-मेन्टेनेंस मेकॅनिक (केमिकल प्लांट)	एमएमसीपी ट्रेड (मेंट. मेक. केम. प्लांट) में आईटीआई/एनसीवीटी में 60% अंकों के साथ एसएससी में 60% अंक. अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 50%.	0							3	0	0	0	0	0	0	3
7	प्रयोगशाला विश्लेषक	रसायन प्रमुख विषय के साथ 50% अंकों के साथ बी.एससी.(गणित, भौतिकी, रसायन).	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1
8	कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक	एमएस ऑफिस (वर्ड, एक्सेल और पावरपॉइंट) में प्रवीणता के साथ 50% अंकों सहित बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम	0	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	1

क्र.	पद का नाम	योग्यता	विपणन कार्यस्थल														कुल
			मुंबई टर्मिनल(मझगांव)							कोलकाता टर्मिनल(बज बज)							
			वर्तमान पद				पिछला शेष पद			वर्तमान पद				पिछला शेष पद			
			अनारक्षित	अजा	अजजा	अपिव	अजा	अजजा	अपिव	अनारक्षित	अजा	अजजा	अपिव	अजा	अजजा	अपिव	
1	बॉयलर अटेंडेंट	60% अंकों के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और प्रथम श्रेणी बॉयलर कंपटेंसी प्रमाणपत्र. अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 50% अंक.	0	0	0	2	0	0	0	1	0	1	0	0	0	0	4

वांछनीय: सभी पदों के लिए पेट्रोलियम/पेट्रोकेमिकल/फर्टीलाइजर उद्योग में अनुभव.

अ. शैक्षणिक योग्यता

नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नलिखित है:

1. उम्मीदवारों को संबंधित विषय में योग्यता उपाधि/पदवी/प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए. सभी योग्यताएं एआईसीटीई अनुमोदित/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/सम विश्वविद्यालय से पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम(मों) के रूप में होनी चाहिए. स्वायत्त संस्थानों द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम भारतीय विश्वविद्यालय संगठन(एआईयू)/यूजीसी/एआईसीटीई से अनुमोदित/मान्यताप्राप्त पाठ्यक्रमों के समकक्ष होने चाहिए.
2. उम्मीदवारों (सामान्य एवं अपिव-एनसी श्रेणी से संबंधित) को योग्यता उपाधि/पदवी/प्रमाणपत्र परीक्षा न्यूनतम 60% (कुल अंक) प्राप्त होना चाहिए. अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए 50% (कुल अंक) तक छूट.

न्यूनतम आयु:	21 वर्ष (1 नवंबर 2014 को)
अधिकतम आयु सीमा:	25 वर्ष (1 नवंबर 2014 को)

ब. छूट/राहत

1. अजा/अजजा और ओबीसी-एनसी के लिए सरकार के निर्देशों के अनुसार पदों का आरक्षण.
2. चिन्हित रिक्तियों का 3% पीडब्ल्यूडी (अक्षमताग्रस्त व्यक्ति-अक्षमता का स्तर 40% या इससे अधिक होना चाहिए.). कृपया यह ध्यान दिया जाए कि कुछ पद श्रवण विकलांग श्रेणी और ऑर्थोपेडिक विकलांग श्रेणी के लिए उपयुक्त हैं. पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को, इन रिक्तियों के लिए नियुक्ति कार्य के प्रकार और नौकरी के दायित्व, स्थान, बाधाओं, तनाव और अन्य बातों को ध्यान में रखते हुए दी जाएगी. साथ ही इस पर भी विचार किया जाएगा कि उनकी अक्षमता, उपयुक्त कुशलता के साथ और उनके स्वास्थ्य को संभावित नुकसान के बिना, पद के दायित्वों के निर्वहन में बाधक होने की संभावना नहीं है. तथापि, अंतिम नियुक्ति पद की प्रकृति के संदर्भ में उम्मीदवार की चिकित्सीय दृष्टि से उपयुक्तता के आधार पर की जाएगी. सामाजिक न्याय व सशक्तीकरण मंत्रालय की अधिसूचना क्र. 16-15/2010 डीडी.111 दिनांक 29/07/2013. के अनुसार इस भर्ती अभियान के लिए उन पदों/विषयों की सूची, जिनके लिए पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं, नीचे दी गई है:
3. पीडब्ल्यूडी के लिए चिन्हित नौकरियां

चिन्हित पद	पीडब्ल्यूडी श्रेणी*
कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक	ओए. ओएल. ओएएल. बीएल. एचएच. एलवी.
प्रयोगशाला सहायक	ओए. ओएल.

प्रयुक्त संकेताक्षर: ओए-एक हाथ, ओएल-एक पैर, ओएएल-एक हाथ और एक पैर, बीएल-दोनों पैर, एचएच-श्रवण विकलांग, एलवी-अल्पदृष्टि
उदाहरण के लिए प्रयोगशाला सहायक के पद के लिए केवल एक हाथ या एक पैर वाले उम्मीदवार पात्र हैं.

4. आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय, अपने दावे की पुष्टि में भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी उनके मूल जाति/पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र जमा करने होंगे. इसके अतिरिक्त, अपिव-नॉन क्रीमी लेयर उम्मीदवारों को डीओपीटी ज्ञापन संख्या. 36036/2/2013-ईएसटीटी(रेस.) दिनांक 30.05.2014 में वर्णन के अनुसार भारत सरकार/केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में आरक्षण के उद्देश्य से लागू निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विज्ञापन के वर्ष में जारी एक वैध जाति प्रमाणपत्र जमा करना होगा. तथा अपिव-एनसी उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार(रों) के समय, यदि बुलाया जाता है तो, एक स्व: घोषणापत्र देनी होगी जिसमें इस बात का उल्लेख होगा कि वे अपिव-नॉन क्रीमी लेयर से संबंधित हैं.
5. 'क्रीमी लेयर' से संबंधित अपिव उम्मीदवार अपिव-एनसी उम्मीदवारों के लिए स्वीकार्य छूटों के लिए पात्र नहीं होंगे और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी को अनारक्षित उल्लेख करना होगा. जाति/समुदाय प्रमाणपत्र के लिए लागू प्रारूप हमारी वेबसाइटों www.hpclcareers.com और www.hindustanpetroleum.com पर उपलब्ध है.
6. यदि अजा/अजजा/अपिव-एनसी और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवार प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी के अलावा किसी और भाषा में है, तो उम्मीदवारों को इसकी अंग्रेजी या हिंदी में अनुवाद की गई एक स्वप्रमाणित प्रति जमा करनी होगी.
7. अजा और अजजा के लिए आयु सीमा में 5 वर्ष, अपिव-एनसी और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूडी (अनारक्षित) के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूडी (अपिव-एनसी) के लिए 13 वर्ष और पीडब्ल्यूडी (अजा/अजजा) के लिए 15 वर्ष की छूट, जैसा भी लागू हो, होगी.
8. एक बार ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में भरी जाने के बाद श्रेणी (सामान्य/अजा/अजजा/अपिव-एनसी/पीडब्ल्यूडी) में कोई बदलाव पर विचार नहीं किया जाएगा, अत: रियायत/राहत का विस्तार नहीं किया जाएगा.
9. 01.01.1980 और 31.12.1989 के बीच जम्मू और कश्मीर के निवासी रहे उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी.
10. पूर्व सैनिकों के मामले में, जिनकी संघ के सशस्त्र बलों में निरंतर सेवा छह महीने से कम नहीं हैं उनकी वास्तविक उम्र से ऐसी सेवा की अवधि घटा दी जाएगी और अगर परिणामी उम्र, पदों/सेवाओं के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के, जिसके लिए उम्मीदवार नियुक्ति करना चाहता है, 3 साल से अधिक नहीं है तो वह आयु सीमा के संबंध में शर्तों को पूरा करना समझा जाएगा.
11. मूल्यांकन/चयन में छूट के मानक अजा/अजजा/अपिव-एनसी और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए लागू होंगे.

क. चयन की पद्धति

संबंधित पदो के लिए उपरोक्त सभी पात्रता शर्तो को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को एक लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा, जिसमें सामान्य योग्यता एवं तकनीकी/व्यावसायिक जानकारी का समावेश होगा. यह लिखित परीक्षा मुंबई, विशाखापत्तनम, कोलकाता, चेन्नई और दिल्ली आदि पांच केंद्रों पर आयोजित किए जाने की संभावना है. तथापि, एचपीसीएल किसी भी केंद्र को रद्द अथवा शामिल करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. उम्मीदवारों को उसकी पसंद के केंद्र के अलावा किसी भी केंद्र पर लिखित परीक्षा देने के लिए बुलाया जा सकता है.

लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को श्रेणी अनुसार व पदानुसार पूर्वनिर्धारित अनुपात में लिखित परीक्षा की योग्यता सूची के क्रम में व्यक्तिगत साक्षात्कार(रों) के लिए बुलाया जाएगा. सफल उम्मीदवारों की योग्यता सूची तैयार करते हुए, 85% प्रधानता लिखित परीक्षा में किए गए प्रदर्शन व 15% व्यक्तिगत साक्षात्कार(रों) को दी जाएगी. उम्मीदवारों के चयन के लिए घोषित किए जाने से पूर्व चयन प्रक्रिया के इन दोनों चरणों को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करना होगा.

व्यक्तिगत साक्षात्कार(रों) में उत्तीर्ण और लिखित परीक्षा व व्यक्तिगत साक्षात्कार(रों) में संयुक्त रूप से न्यूनतम उत्तीर्णांक अर्जित करने वाले सभी उम्मीदवारों को निगम की नीति के अनुसार एक नियुक्तिपूर्व चिकित्सा परीक्षण से गुजरना होगा. चिकित्सा परीक्षण के लिए संदर्भ का अर्थ अंतिम चयन नहीं है, जिसे कृपया ध्यान में रखा जाए. चयन प्रक्रिया में आगे विचार किए जाने के लिए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में अलग-अलग न्यूनतम उत्तीर्णांक और लिखित परीक्षा व व्यक्तिगत साक्षात्कार(रों) संयुक्त रूप से न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त करने होंगे. उपरोक्त शर्तों के अनुसार चयन के सभी मानकों को उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों के लिए श्रेणी अनुसार व पदानुसार एक वरीयता सूची तैयार की जाएगी और नियुक्ति के प्रस्ताव श्रेणी व पदानुसार रिक्तियों की उपलब्धता के अनुसार होंगे.

ड. शारीरिक/चिकित्सीय उपयुक्तता:

हिंदुस्तान पेट्रोलियम में रोजगार पाने के इच्छुक उम्मीदवारों को हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के नियुक्तिपूर्व चिकित्सा मानकों के अनुसार चिकित्सीय दृष्टि से उपयुक्त होना आवश्यक है. कृपया ध्यान दिया जाए कि एचपीसीएल के नियुक्तिपूर्व चिकित्सा नियमों के अंतर्गत त्रुटिपूर्ण वर्ण दृष्टि (कलर विजन) एक अयोग्यता है.

इ. कंपनी के लिए लागत (सीटीसी) आधार पर पारिश्रमिक पैकेज:

कंपनी के लिए लागत आधार पर उपरोक्त सभी पदों के लिए पारिश्रमिक पैकेज लगभग ₹ 40,000/- प्रतिमाह होगा. नियुक्ति के स्थानों पर पदों में विविधता हो सकती है.

**मेट्रो शहरों में नियुक्त उम्मीदवारों व अन्य स्थानों के लिए सीटीसी में विविधता हो सकती है. सीटीसी में अलग-अलग सेवानिवृत्ति उपरांत लाभ जैसे भुगतान (पीएफ, ग्रेच्युटी और पेंशन लाभ) शामिल होते हैं. चयनित उम्मीदवार एक अवधि के लिए प्रोबेशन पर रहेंगे, जो कि नियुक्ति के स्थानों पर निर्भर है और अलग-अलग हो सकती है. प्रोबेशन अवधि के सफल समापन पर, उन पर स्थायीकरण (कंफर्मेशन) के लिए विचार किया जाएगा, जो प्रोबेशन अवधि के दौरान उनके संतोषजनक प्रदर्शन का विषय होगा. सेवा में स्थायीकरण जैसा भी लागू हो, प्रमाणपत्रों की पुष्टि और जाति स्थिति/पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्रों की पुष्टि का भी विषय होगा.

टेकनीशियन बॉयलर के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों का स्थायीकरण उनके द्वारा नियुक्ति के स्थान पर संबंधित राज्य सरकार से प्रथम श्रेणी बॉयलर सक्षमता प्रमाणपत्र/राज्य सरकार द्वारा प्रमाणपत्र की पुष्टि प्राप्त करने पर निर्भर होगा, यदि यह नियुक्ति के समय उनके पास नहीं है.

फ. आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों से अनुरोध है कि आवेदन फॉर्म के लिए कार्यवाही करने से पूर्व यहां नीचे दिए गए सभी निर्देशों को ध्यानपर्वूक पढ़ें.

1. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करना है. www.hindustanpetroleum.com पर लॉग इन करें और career oportunities पर क्लिक करें.
2. ऑनलाइन आवेदन करने के लिए संबंधित लिंक www.hpclcareers.com अथवा www.hindustanpetroleum.com पर 'career oportunities' खंड के अंतर्गत उपलब्ध है. वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने की अनुमति 10 नवंबर 2014 को 23.59 बजे तक ही रहेगी. आवेदन का कोई और माध्यम/तरीका स्वीकार नहीं होगा.
3. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने से पहले पासपोर्ट आकार के अपने वर्तमान फोटोग्राफ की स्कैन की गई कॉपी (जेपीजी/जिप फॉर्मेट में 50 केबी से कम) तैयार रखनी चाहिए.
4. ऑनलाइन फॉर्म में सभी विवरण भरें. पासपोर्ट आकार के अपने वर्तमान फोटोग्राफ की स्कैन की गई कॉपी ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अपलोड करें.
5. सबमिट पर क्लिक करें. आपको सिस्टम द्वारा तैयार किया गया एक 12 अंकों का आवेदन क्रमांक प्राप्त होगा. कृपया ध्यान दें कि यह आवेदन क्रमांक काफी महत्वपूर्ण है और पूरी चयन प्रक्रिया के दौरान भविष्य के सभी संदर्भो के लिए आपको इसकी आवश्यकता होगी. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का एक प्रिंट आउट लें और उस पर अपना पासपोर्ट आकार का वर्तमान फोटोग्राफ चिपकाएं, उपलब्ध कराए गए स्थान पर हस्ताक्षर करें और भविष्य के संदर्भो के लिए इसे संभालकर रखें.
6. उम्मीदवारों को एचपीसीएल को आवेदन की हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं है. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में भरी गई जानकारियों को अंतिम माना जाएगा और इनमें व्यक्तिगत/या दूसरे विवरण में किसी भी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा.
7. **आवेदन शुल्क का भुगतान:**
   अ. आवेदकों को ₹ 600 की एक अप्रतिदेय राशि (इस शुल्क में 12.36% की दर से सेवा कर व ₹ 35/- बैंक शुल्क शामिल है). आवेदक शुल्क का भुगतान चालान के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरते समय उपयुक्त माध्यम का चुनाव कर या डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा ऑनलाइन कर सकते हैं.
   ब. अजा/अजजा और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को आवेदक शुल्क में छूट दी गई है.
   I. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चालान के माध्यम से भुगतान:
   इस विकल्प के अंतर्गत उम्मीदवारों को भरे हुए आवेदन के साथ '2 पार्ट चालान' का एक प्रिंट (1. उम्मीदवार की प्रति, 2. बैंक की प्रति) लेना होगा. सामान्य एवं अपिव-एनसी उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि के दो दिनों के भीतर ₹ 600 की अप्रतिदेय राशि (इस शुल्क में 12.36% की दर से सेवा कर व ₹ 35/- बैंक शुल्क शामिल है) पूर्व मुद्रित चालान के माध्यम से, एसबीआई की देशभर के किसी भी शाखा में, एचपीसीएल पावर ज्योति खाता संख्या 32315049001 में जमा करानी होगी. उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि बैंक ने चालान के दोनों हिस्सों पर 'पेमेंट रिसीव्ड' की स्टैम्प लगाई है और जरनल नं. लिखा है. उम्मीदवारों को दो पार्ट चालान में 'उम्मीदवार की प्रति' लेकर उसे भविष्य के संदर्भ के लिए सुरक्षित रखना होगा.
   जैसे ही एचपीसीएल द्वारा आवेदन क्रमांक के लिए भुगतान प्राप्त होता है, भुगतान की स्थिति 'पेमेंट रिसीव्ड' में बदल जाएगी. कृपया सुनिश्चित करें कि आपके आवेदन शुल्क का भुगतान करने की तिथि से 3-4 कार्यदिवसों के भीतर, भुगतान की स्थिति 'पेमेंट रिसीव्ड' में बदल गई है, क्योंकि और कोई भुगतान स्थिति स्वीकार नहीं की जाएगी. यदि भुगतान की स्थिति 3-4 कार्यदिवसों के भीतर अद्यतन नहीं होती है तो कृपया भुगतान किए गए चालान की स्कैन की गई कॉपी nmrecruitment@mail.hpcl.co.in को ई-मेल करें.
   II. डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा ऑनलाइन भुगतान:
   इस विकल्प के अंतर्गत उम्मीदवार निर्धारित आवेदन शुल्क डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर ऑनलाइन भर सकते हैं. भुगतान की स्थिति स्वत: ही 'पेमेंट रिसीव्ड' में बदल जाएगी. यदि भुगतान की स्थिति तुरंत नहीं बदलती तो उम्मीदवारों को फिर से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा ऑनलाइन भुगतान का प्रयास करना होगा अथवा एसबीआई के चालान के माध्यम से भुगतान करना होगा. सभी उम्मीदवारों को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि भुगतान की स्थिति 'पेमेंट रिसीव्ड' में बदल गई है. किसी भी कारणवश किसी और भुगतान स्थिति में व्यवहार (ट्रांजेक्शन) को अपूर्ण माना जाएगा. जैसे ही भुगतान सम्पन्न होता है, उम्मीदवारों को भुगतान की पावती का एक प्रिंट लेकर, इसे भविष्य के संदर्भ के लिए सुरक्षित रखना होगा.
   उपरोक्त के अलावा भुगतान का कोई अन्य प्रकार स्वीकार नहीं किया जाएगा.
   कृपया ध्यान दें: एक बार अदा किया गया आवेदन शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा. इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता जांच लें.

ग. सामान्य शर्तें:

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के लिए पात्र हैं.
2. उम्मीदवारों के पास कम से कम अगले एक वर्ष के लिए वैध रहनेवाला एक सक्रिय ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए. उम्मीदवारों के साथ सभी भावी संपर्क पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से ही किया जाएगा.
3. आवेदन प्रक्रिया के शुरू होने से पहले उम्मीदवार अपने साथ पात्रता परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों का प्रमाणपत्र, जाति/उप-जाति का प्रमाणपत्र, जारी करने की तिथि, जारी करने वाले प्राधिकारी का नाम, मूल राज्य आदि जैसे संबंधित दस्तावेज तैयार रखे.
4. पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों का चयन पूर्व-निश्चित पदों के लिए किया जाएगा.
5. अपिव वर्ग के उम्मीदवार जो 'क्रीमी लेयर' के हैं वह स्वीकार्य रियायत के लिए हकदार नहीं हैं तथा सम्बंधित अपिव-एनसी वर्ग के उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी को अनारक्षित (UR) के रूप में संकेत करना होगा.
6. वर्तमान में सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार(रों) के समय अपने वर्तमान नियोक्ता के सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक हैं. साक्षात्कार(रों) के समय पर वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नही होने के स्थिति में, उम्मीदवार को साक्षात्कार(रों) के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.
7. उम्मीदवारों को केवल एक ही पद के लिए आवेदन करने की जरूरत है क्योंकि सभी पदों के लिए लिखित परीक्षा सभी परीक्षा केन्द्रों में एक ही तिथि और एक ही समय पर आयोजित की जाएगी.
8. निर्धारित पात्रता मानदंड पूर्ण न करने वाले उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर खारिज कर दिया जाएगा.
9. उम्मीदवारों को एचपीसीएल में आवेदन की प्रिंटआउट या किसी भी अन्य दस्तावेजों की हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं हैं. लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/बुलावा पत्र हार्ड कॉपी में उम्मीदवारों को नहीं भेजा जाएगा. यह सभी उम्मीदवारों को एचपीसीएल की वेबसाइट www.hindustanpetroleum.com से ही डाउनलोड करना होगा. विभिन्न जानकारियां, समयसूची/दिनांक एचपीसीएल वेबसाइट से हासिल की जा सकती है.
10. यह कृपया जान ले कि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/बुलावा पत्र या चिकित्सा जांच के लिए संदर्भ का मात्र जारी होना उम्मीदवार के अंतिम चयन का संकेत नहीं होगा.
11. भर्ती सहित चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रश्नों के लिए भर्ती टीम को केवल nmrecruitment@mail.hpcl.co.in के माध्यम से संबोधित किया जा सकता है.
12. उम्मीदवारों से इस भर्ती अभियान के संबंध में हमारी वेबसाइट पर FAQs अनुभाग पर संपर्क करने के लिए अनुरोध कर सकते हैं. कृपया ध्यान दें कि उम्मीदवारों को भर्ती अभियान के दौरान एचपीसीएल के किसी भी अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत कॉल और/या बातचीत करने की अनुमति नहीं हैं, यदि नितांत जरूरी न हो तो.
13. उम्मीदवार द्वारा दी गयी अमान्य/गलत ईमेल आईडी/संपर्क विवरण के वजह से ई मेल/किसी भी अन्य संचार के किसी भी हानि/गैर वितरण के लिए एचपीसीएल जिम्मेदार नहीं होगा.
14. प्रबंधन लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने का, बिना किसी कारण आवेदन अस्वीकार करने का/पदों की संख्या में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
15. चुने गए उम्मीदवारों को संपूर्ण भारत में स्थानांतरण के लिए तैयार रहना होगा. सभी पदों के लिए (कनिष्ठ प्रशासनिक सहायक के व्यतिरिक्त) संयंत्र क्षेत्र में चौबीसों घंटे पारी कार्यकाल में काम करना शामिल हैं, लेकिन कारखानों अधिनियम,1948 के अनुसार शाम 7 से सुबह 6 के बीच महिला कर्मचारी का काम करना मना हैं और इसलिए, महिला उम्मीदवार इन पदों के लिए पात्र नहीं हैं. चुने गए उम्मीदवारों को भारत सरकार के किसी भी विभाग या सहायक/संयुक्त उद्यमों में तैनात किया जा सकता है.
16. लिखित परीक्षा/व्यक्तिगत साक्षात्कार(रों) के लिए उपस्थित रहनेवाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूडी के बाहरी उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र तक की सबसे कम दूरी का द्वितीय वर्ग के रेल किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी अगर यह यात्रा हर ओर से 30 किलोमीटर से कम दूरी पर नहीं है. डाक पते के अलावा अन्य जगह से यात्रा करनेवाले उम्मीदवारों को यात्रा भत्ता का भुगतान नहीं किया जाएगा.
17. एक बार ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद श्रेणी में परिवर्तन (अनारक्षित/अजा/अजजा/अपिव-एनसी/पीडब्ल्यूडी) के लिए कोई भी अनुरोध स्वीकार नही होगा और तदनुसार रियायत/छूट नहीं दी जाएगी.
18. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को, अपने दावे के समर्थन में, साक्षात्कार के समय पर भारत सरकार के अधीन पदों की नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रारूप में और सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये गए नवीनतम जाति/पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र, यदि मांगे गए तो, प्रस्तुत करना आवश्यक हैं.
19. इसके अलावा, अपिव-एनसी उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में एक नवीनतम वैध जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक हैं जो भारत सरकार/केन्द्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अधीन पदों पर नियुक्ति में आरक्षण के उद्देश्य के लिए लागू डीओपीटी ज्ञापन संख्या 36012/22/93-इएसटीटी (एससीटी) दि. 15.11.93 के निहित रूप में एक सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्राप्त किया गया हैं.
20. इसके अलावा, अपिव-एनसी उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय पर, यदि मांगा जाए तो, डीओपीटी ज्ञापन संख्या 36012/22/93-इएसटीटी(एससीटी) दि. 8.9.93 के निहित रूप में एक स्व: घोषणापत्र देना होगा, जो यह दर्शाती हो कि वह अपिव नॉन क्रीमी लेयर है.
21. सभी उम्मीदवारों से अनुरोध हैं के एचपीसीएल वेबसाइट पर जाकर, लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार(रों) के तिथि और स्थान आदि के लिए हेल्पलाइन/एसएमएस सेवाओं पर अद्यतन रहे.
22. उम्मीदवार एचपीसीएल वेबसाइट पर प्रवेश करके आवेदन क्रमांक और ई मेल आईडी (ऑनलाइन आवेदन में उल्लेखित) के साथ अपने आवेदन शुल्क के भुगतान की स्थिति देख सकते हैं.
23. किसी भी कारण उम्मीदवारों से आवेदन और प्रसंस्करण शुल्क के प्राप्त न होने की स्थिति में उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी और इस पर आगे बातचीत नहीं की जाएगी.
24. गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत करना अयोग्य माना जाएगा और एचपीसीएल ऐसे गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत करने से होने वाले किसी भी परिणामों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा. उम्मीदवारों से अनुरोध हैं के सभी आवेदन की छाननी दस्तावेजी सबूत की जांच बिना की जाएगी तथा जिस पद के लिए वह आवेदन कर रहे हैं उसके प्रति अपनी अनुरूपता के लिए आपका स्वयं संतुष्ट होना जरुरी हैं. भर्ती और चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर पाया जाता है कि किसी एक उम्मीदवार ने झूठी या गलत जानकारी प्रस्तुत की है या पात्रता मापदंडों के दायरे में अयोग्य पाया जाता है, तो उसका/उसकी उम्मीदवारी खारिज कर दी जाएगी.
25. वेबसाइट से डाउनलोड किया गया लिखित परीक्षा का एडमिट कार्ड फोटोग्राफ चिपका कर उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित करके, लिखित परीक्षा के समय प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है.
26. एचपीसीएल न्यूनतम पात्रता मानकों को बढ़ाने का और रिक्त पदों की संख्या बढ़ाने/कम करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. एचपीसीएल भर्ती प्रक्रिया और/या चयन प्रक्रिया, बिना कोई पूर्वसूचना और बिना कोई कारण दिए रद्द/विस्तार/कटौती/सीमित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है.
27. जहाँ भी किसी पात्रता पदवी/पदविका/प्रमाणपत्र में सीजीपीए/ओजीपीए या पत्र श्रेणी प्रदान किया जाता है वहां विश्वविद्यालय/संस्था द्वारा अपनायें मानदंडों के अनुसार उसके समतुल्य प्रतिशत अंको का आवेदन पत्र में उल्लेख किया जाना चाहिए. विश्वविद्यालय/संस्थान से इस आशय का एक प्रमाण पत्र प्राप्त करें जो साक्षात्कार(रों) के समय आवश्यक होगा.
28. सीधे या परोक्ष रूप से आवेदक द्वारा किया गया कॅनवासिंग उसकी/उसके उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित करेगा.
29. यदि अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों के व्याख्या के मामले में कोई भी विवाद पैदा होता है तो अंग्रेजी संस्करण अभिभावी होगा.
30. लिखित परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र द्विभाषी होगा (हिंदी और अंग्रेजी में) और उम्मीदवार केवल अंग्रेजी या हिंदी में जवाब दे सकते हैं. यदि किसी प्रश्न के अंग्रेजी और हिंदी संस्करण के बीच कोई भिन्नता है तो अंग्रेजी संस्करण योग्य माना जाएगा.
31. लिखित परीक्षा के केंद्र परिवर्तन के लिए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.
32. तस्वीर छवि:
    अ. वर्तमान समय की पासपोर्ट साइज रंगीन फोटोग्राफ, एक हल्के रंग के (प्राधान्य रूप से सफेद) पृष्ठभूमि पर होनी चाहिए.
    ब. एक शांत चेहरे के साथ कैमरे पर सीधे देखिए.
    क. अगर फोटोग्राफ किसी धूप भरे दिन पर ली गयी है, तो सूरज आपके पीछे हो या आप छाया में रहिये ताकि आप के चेहरे पर कोई घनी छाँव या छुरिया ना हो.
    ड. आप फ्लैश का उपयोग कर रहे है तो सुनिश्चित कर ले के कोई 'लाल-आँख' ना आए.
    इ. अगर आप चश्मा पहनते हैं तो सुनिश्चित करें कि उन पर कोई प्रतिबिंब नहीं हैं और आपकी आंखों को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है.
    फ. कैप, टोपी और काला चश्मा स्वीकार्य नहीं हैं. धार्मिक मस्तिष्क पहनावे की अनुमति दी गयी है, लेकिन यह आपके चेहरे को ना झाँके.
33. यदि उम्मीदवार चाहे कि किसी एक पद के सभी स्थानों के लिए उनका विचार किया जाए तो इस अनुसार उनका विचार किया जाएगा और प्रबंधन अपनी इच्छानुसार उनकी किसी भी स्थान पर नियुक्ति कर सकता है.
34. समापन तिथियां:

अ.	ऑनलाइन आवेदन बंद करने की तारीख	10 नवंबर 2014
ब.	चालान के माध्यम से शुल्क भुगतान बंद करने की तारीख	12 नवंबर 2014

किसी भी विवाद के लिए न्यायालय का क्षेत्राधिकार मुंबई में होगा.